# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 21.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर“,अमर उजाला, दैनिक जागरण, तरुणमित्र न्यूज़, परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 21.03.2025

### दशाश्वमेध वार्ड में अवैध निर्माण सील

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से बृहस्पतिवार को दशाश्वमेध वार्ड में नसीम आरा की ओर से नवीन कॉम्प्लेक्स के पीछे बगैर नक्शा पास कराए अवैध निर्माण किया जा रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची वीडीए की प्रवर्तन टीम ने सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति ने सील की कार्रवाई कराई। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 21.03.2025

### वीडीए ने दो आवासों का आवंटन किया निरस्त, जमा धनराशि जब्त

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से लालपुर आवासीय योजना के प्रथम चरण में निर्मित लैंड मार्क टावर-3 के दो आवासों के आवंटन की धनराशि जमा नहीं करने पर इसे निरस्त कर दिया गया। धनराशि भी जब्त कर ली गई। आवासों की पुनः नीलामी की जाएगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार, आवास संख्या ए 5/2, गीतेश सिंह को आवास आवंटित किया गया था।

अनुमानित लागत 57.22 लाख था। पंजीकरण के बाद धनराशि जमा न होने पर बकाया 1,28,90,414 था। जिसका अब तक भुगतान नहीं किया गया है। आवास संख्या ए 3/2, सुनील सिंह को आवास आवंटित किया गया था। इसकी लागत 57.22 लाख रुपये थी। बाकी धनराशि जमा न करने पर 1,05,30,139 रुपये हो गया है। जिसे अब तक जमा न करने पर आवंटन निरस्त किया गया। दोनों आवंटियों को 35,600 रुपये प्रीपेड लीज रेंट, 63,000 रुपये विद्युत शुल्क, 82,000 रुपये अनुरक्षण शुल्क, 2,68,000 रुपये सर्विस टैक्स और 2,50,000 रुपये पार्किंग शुल्क जमा करना था। अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इस कारण दोनों आवंटियों के आवंटन निरस्त कर दिए गए हैं और नियमानुसार जमा धनराशि जब्त कर ली गई है। ब्यूरो

अमर उजाला–दि0 21.03.2025

## असि नदी की मिट्टी और सिल्ट की शुरू हुई जांच

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से असि नदी के डिसिल्टिंग का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए मिट्टी और सिल्ट की जांच शुरू की गई। इस कार्य में आईआईटी बीएचयू की मदद ली जा रही है। नदी के जीर्णोद्धार के तहत डिसिल्टिंग कार्य होना है। इससे नदी के चैनल की गहराई और जल निकासी की क्षमता को सुधारने में मदद मिलेगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि कंदवा, कंचनपुर, गांधी नगर, संकट मोचन मंदिर पुल और एसटीपी के क्षेत्र में मिट्टी और अन्य अवशेषों की खोदाई की गई। बीएचयू आईआईटी टीम से कहा गया है कि यहां की जांच कर यह सुनिश्चित कर लें कि पूरे चैनल में किस गहराई तक डिसिल्टिंग का कार्य कराया जाना उचित होगा। ब्यूरो

दैनिक जागरण–दि0 21.03.2025

## 28 लाख रुपये में होगा धोबी घाट का सुंदरीकरण

**जासं, वाराणसी :** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि मुगलसराय में पथरा बाग स्थित रवि नगर में धोबी घाट के सुंदरीकरण को 28 लाख 13 हजार रुपये मंजूर किया है।

## नए भवन को लेकर की चर्चा

**जासं, वाराणसी :** इंग्लिशिया लाइन के जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक केंद्र को तोड़कर नए भवन बनाने को लेकर गुरुवार को एनबीसीसी संग अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा ने बैठक की। उन्होंने प्रस्तावित माडल पर चर्चा में कराएं गए कार्यों के बारे में पूछा।

## दैनिक जागरण–दि0 21.03.2025

### पहड़िया मंडी में सीआरपीएफ की बाउंड्री व सड़क बनाएगा वीडीए

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पहड़िया मंडी परिसर में 95 बटालियन सीआरपीएफ की बाउंड्री और सड़क बनवाने का निर्णय लिया गया है। सीआरपीएफ परिसर में यातायात व्यवस्था सही करने और सुरक्षा को लेकर 64 लाख रुपये आवंटित किया गया है। इसमें 950 मीटर लंबी पक्की सड़क होगी। इसका टेंडर 27 मार्च को खुलेगा।

## दैनिक जागरण–दि0 21.03.2025

### इमिलियाघाट पर सील किया निर्माणाधीन भवन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। फुलवरिया फोरलेन पर लबे रोड इमिलियाघाट पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण करने पर वीडीए टीम ने सील कर दिया। शमन मानचित्र दाखिल करने के बाद भी रुचि नहीं दिखाने पर जवाब-तलब किया गया है। वीडीए सचिव ने बताया कि संगम बिल्डर के डायरेक्टर संदीप सिंह ने सात जून-2024 को आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराया था। स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कराने पर भवन स्वामी को 16 सितंबर-2024 को नोटिस जारी गई थी। भवन स्वामी ने शमन मानचित्र दाखिल किया था लेकिन पास कराने में रुचि नहीं दिखाई। गुरुवार को जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने उक्त भवन को सील कर दिया। वहीं जोन तीन के जोनल अधिकारी सौरभ देव के नेतृत्व में दशाश्वमेध वार्ड में नवीन कांप्लेक्स के पीछे नशीम आरा वीडीए से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध निर्माण कर रहे थे।

## दैनिक जागरण–दि0 21.03.2025

# वीडीए से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलते ही शुरू होगा मेडिकल कालेज का निर्माण

### सोमवार को कालेज का नक्शा विकास प्राधिकरण की साइट पर होगा अपलोड

जागरण संवाददाता, वाराणसी : पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल व मानसिक चिकित्सालय की जमीन पर प्रस्तावित सरस्वती देवी शिव किशन दमानी मेडिकल कालेज का निर्माण विकास प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद शुरू होगा। इसके लिए सोमवार को मेडिकल कालेज का नक्शा वीडीए की साइट पर अपलोड किया जाएगा। हरी झंडी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

मेडिकल कालेज के नोडल अफसर प्रो. आरबी कमल के साथ दमानी फाउंडेशन की अध्यक्ष शर्मिला पई व दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के सीएमएस डा. बृजेश कुमार, मानसिक अस्पताल के कार्यवाहक निदेशक डा. सीपी मल्ल ने निर्माण स्थल का भौतिक सत्यापन किया।



मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल का निरीक्षण करते नोडल अफसर प्रो. आरबी कमल, दमानी ग्रुप की अध्यक्ष शर्मिला पई एवं अन्य लोग● जागरण

प्रो. आरबी कमल ने बताया कि जरूरत अनुसार जमीन चिह्नित कर ली गई है। मेडिकल कालेज का ले-आउट भी तैयार है। बजट पहले ही क्शन हो चुका है। मेडिकल कालेज का निर्माण दमानी फाउंडेशन द्वारा पूरा कराने के बाद उसे प्रदेश सरकार को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

मेडिकल कालेज भवन, लैब, लाइब्रेरी, हास्टल समेत जरूरी भवनों के निर्माण के बाद पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल में बेड भी बढ़ाकर 500 तक किया जाएगा। इसके लिए अस्पताल में भरपूर स्थान है, सिर्फ स्टाफ समेत मानव संसाधन व मशीन, उपकरण बढ़ाए जाएंगे।

## दैनिक जागरण–दि0 21.03.2025

# असि नदी के जीर्णोद्धार को देखी गहराई

जागरण संवाददाता, वाराणसी : असि नदी के जीर्णोद्धार को लेकर गुरुवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण और आइआइटी (बीएचयू) की संयुक्त टीम ने जेसीबी से नदी की गहराई और जलनिकासी को देखा। टीम ने कंदवा, कंचनपुर, इंदिरा नगर, गांधी नगर, संकट मोचन मंदिर पुल और जेआइसीए एसटीपी के अंदर व डीएस क्षेत्र में नदी तल से मिट्टी समेत अन्य अवशेषों की खुदाई की जिससे जांचकर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि पूरे चैनल में किस गहराई व मात्रा में डिसिल्टिंग आदि का कार्य कराया जा सकता है।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 21.03.2025

### धोबीघाट में बाउण्ड्रीवाल, शेड, बोरिंग एवं मरम्मत कार्य की मंजूरी

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण द्वारा पथरा बाग, रवि नगर, मुगलसराय में स्थित धोबीघाट के बाउण्ड्रीवाल, शेड, बोरिंग और मरम्मत कार्य को मंजूरी दी गई है जिसके अंतर्गत लगभग 96 मीटर लंबी बाउण्ड्रीवाल पर कार्य किया जाएगा, जिसमें शेड, बोरिंग, पेंटिंग और स्टोन फ्लोरिंग का कार्य शामिल है। कार्य की कुल अनुमानित लागत लगभग 28 लाख 13 हजार रुपये है। निविदा की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है तथा कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। यह कार्य धोबीघाट के बेहतर संचालन और रखरखाव के लिए आवश्यक सुधार प्रदान करेगा।

## परफेक्ट मिशन–दि0 21.03.2025

### जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक केंद्र के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में वीडीए में हुई बैठक



**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित जवाहर लाल नेहरू व्यावसायिक केंद्र के जर्जर हो जाने के कारण इसके पुनर्निर्माण हेतु प्राधिकरण और एनबीसीसी के बीच एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

इस परियोजना के लिए एनबीसीसी और एम एस कॉलिंर्स द्वारा प्रोजेक्ट की फिजिबिलिटी स्टडी कराई गई थी गुरुवार को अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कंसलटेंट द्वारा पुनर्निर्माण के विभिन्न मॉडल्स और विकल्पों पर प्रस्तुति के माध्यम से विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार, आर्किटेक्ट गोविंद श्रीवास्तव, कंसलटेंट रोहित रैना, एनबीसीसी और कॉलिंर्स के सदस्य उपस्थित रहे।